आन्तरिक शान्ति बनाये रखना अति आवश्यक है। कोई भी राष्ट्र आन्तरिक शान्ति के बिना प्रगति नहीं कर सकता। परन्तु कुछ प्रतिक्रियावादी तथा विनाशकारी शक्तियों ने एक साथ मिल कर इतनी चिन्ताजनक स्थिति पैदा कर दी थी जो कि देश की प्रगति के लिये एक खतरा बन गई थी। वे लोकतंत्र के नाम से लोकतंत्र का गला घोंट रहे थे। निर्वाचित विधान सभाओं को विघटित किये जाने की धमकी दी जा रही थी। देश के कुछ भागों में विस्फोटात्मक स्थिति पैदा हो गई थी। यह खतरा पैदा हो गया था कि ऐसी स्थिति सारे देश में पैदा हो सकती है। हर क्षेत्र में विशेषतया युवा पीढ़ी में अनुशासनहीनता फैल गई थी। विश्वविद्यालयों में हिंसात्मक घटनायें हो रही थीं। छात्र-विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में नहीं जाते थे। विपक्षी दलों द्वारा उन्हें ऐसा करने को उकसाया जा रहा था। निर्वाचित सदस्यों को धमकी दी जा रही थी तथा उन्हें त्यागपत्र देने को कहा जा रहा था। ऐसी स्थिति में यह उपाय करना जरूरी था। मुझे खुशी है कि आपात का देश भर में स्वागत किया गया। यह विधेयक अध्यादेश की जगह लेने के लिये लाया गया है।

यह कहा जा रहा है कि हमने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। वस्तुतः जो कुछ किया जा रहा है, वह लोकतंत्र को बचाने के लिये तथा देश में आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखने के लिये किया जा रहा है।

अध्यादेश लागू होने के बाद सरकार ने आनन्द मार्ग, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय साम्यवादी दल (मार्क्सवादी), जमायते-इस्लामी जैसे कुछ संगठनों पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। ऐसे संगठनों, जिन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है, की संख्या 26 है। गैर-कानूनी घोषित किये गये ये संगठन इस प्रकार के कार्य कर रहे थे, जिससे देश की आन्तरिक शान्ति खतरे में पड़ सकती थी। इनमें से कुछ संगठन अर्द्ध-सैनिक संगठन थे। उनके कब्जे में खंजर और बन्दूकें मिलने से पता चल जाता है कि उनके इरादे क्या थे? इसलिये देश के लोगों ने इन संगठनों पर पाबन्दी लगाने का स्वागत किया है।

कुछ माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान भारत रक्षा नियमों तथा आपात के अन्य उपायों का दुरुपयोग किये जाने की सम्भावना की ओर दिलाया है। उन्होंने कुछ उदाहरण भी दिये हैं। यह बात नहीं है कि किसी दल विशेष के व्यक्ति को तंग किया गया हो।

यह बात संयोग की हो सकती है कि भारत रक्षा नियम और 'आंसुका' के अन्तर्गत गिरफ्तार कुछ व्यक्ति सी० पी० आई० अथवा मुस्लिम लीग के सदस्य हों। लेकिन ये कार्यवाही प्रत्येक ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध की गई थी जो कानून अथवा शान्ति को भंग करता हो। किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय यह नहीं देखा गया कि वह किस राजनीतिक दल से सम्बन्धित है। गिरफ्तारी इस आधार पर नहीं की गई। लेकिन आँसुका और आपातकालीन शक्तियों का दुरुपयोग भी हो सकता है। इसलिये राज्य सरकारों को गिरफ्तारियां करते समय सावधानी बरतने के लिये कह दिया गया है और सभी सम्बन्धित कार्यालयों को निदेश दिये गये हैं कि भारत रक्षा नियम का उपयोग लोगों के लाभ के लिये ही किया जाये।

हमने राज्य सरकारों से निकट सम्पर्क रखा हुआ है ताकि इस बात का ध्यान रखा जा सके कि जिन लोगों को भारत रक्षा नियम और आंसुका के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है उनके मामलों का पुनरीक्षण हो। हमने उन्हें समय समय पर पुनरीक्षण करने के लिये कहा है ताकि यह पता चल सके कि क्या ये गिरफ्तारियां परिस्थितियों के अनुसार ठीक थीं अथवा नहीं।

कुछ सदस्यों ने कहा है कि अवैध घोषित की गई संस्थाओं के कुछ सदस्यों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया। यह सच है कि ऐसी संस्थाओं के कुछ सदस्य भूमिगत हैं और गिरफ्तार होने से बच रहे हैं। हम उन लोगों को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं और साथ ही हमने राज्य सरकारों को भी इन व्यक्तियों को पकड़ने के लिये कहा है। लेकिन साथ ही मैं यह बात भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमारा इरादा इन संगठनों के सभी सदस्यों को गिरफ्तार करने का नहीं हैं और न ही यह राष्ट्र के हित में होगा। लेकिन जो व्यक्ति आन्तरिक अशान्ति उत्पन्न करने की कोशिश करेगा उसे हम नहीं छोड़ सकते।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि भारत रक्षा अधिनियम, 1971 का संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
The motion was adopted.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2 से 11 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
The motion was adopted.

खण्ड 2 से 11 विधेयक में जोड़े गये।
Clauses 2 to 11 were added to the Bill.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है:

"कि खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
The motion was adopted.

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये।

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

गृह मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : मैं प्रस्ताव करता हूं : "कि विधेयक पारित किया जाये"

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ : " कि विधेयक पारित किया जाए "

Shri Ramavatar Shastri (Patna): Some members have rightly pointed out that even today, we find a good number of followers of Anand Marg and RSS in Government offices. It appears that Government is unable to weed out such elements. The legislation being enacted by us should be used against such persons.

Government have no doubt banned RSS but its allies are yet to be banned. These organisations are carrying on anti-national activities and, therefore, they should be banned.

Government have banned strikes and lock-outs in fertilizer factories but in certain factories, the owners have resorted to lock-outs and are harassing the employees. Stern action should be taken against such elements.

There is no doubt that the emergency powers have been misused to take retaliatory action against the political opponents. In Bihar, many CPI workers have been arrested. In certain cases, children in the 9—13 age group have also been arrested under DIR. Such misuse should be stopped.

The railway employees whose services had been terminated in the wake of last railway strike should be reinstated. The late Shri L. N. Mishra had issued orders for the reinstatement of Sarvashri T. N. Upadhya and Chatterjee of Mughal Sarai and Sarvashri Maulvi Ram and Jhamman Kundu of Jhajha. But the Railway Board has not implemented these orders. Railway Board should be taken to task for this negligence.

श्री एफ० एच० मोहसिन : विदेशी मुद्रा के प्राप्त किये जाने के बारे में कुछ बातें कही गई हैं। हमें पता चला है कि कुछ संगठन तथा कुछ व्यक्ति विदेशी मुद्रा प्राप्त कर रहे हैं। देश में विदेशी मुद्रा के आगमन को रोकने और उसे नियमित करने हेतु हमने एक विधेयक पेश किया है। वो प्रवर समिति के पास है। यदि आवश्यकता पड़ी तो हम उन लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे जो देश में गड़बड़ मचाने के लिये विदेशों से धन प्राप्त कर रहे हैं। हम उनके विरुद्ध आपातकालीन शक्तियों का प्रयोग करेंगे।

यह भी कहा गया है कि कुछ सरकारी कर्मचारियों का प्रतिबन्धित संगठनों से सम्बन्ध है। ऐसा हो सकता है। लेकिन यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी इन प्रतिबन्धित संगठनों से सम्बन्धित पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

सभापति महोदय: प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पास किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

केरल विधान सभा (अवधि का विस्तारण) विधेयक

THE KERALA LEGISLATIVE ASSEMBLY (EXTENSION OF DURATION) BILL.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सरोजिनी महिषी) : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूं :

"कि केरल राज्य की वर्तमान विधान सभा की अवधि के विस्तारण का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर, राज्य सभा द्वारा पास किये गये रूप में, विचार किया जाये।"

सभापति महोदय : प्रस्ताव पेश किया गया :

"कि केरल राज्य की वर्तमान विधान सभा की अवधि के विस्तारण का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर, राज्य सभा द्वारा पास किये गये रूप में, विचार किया जाये।"

श्री सी० के० चन्द्रप्पन (तेलीचेरी) : सभापति महोदय, मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। चूंकि हमारे देश में अत्यन्त विशेष परिस्थितियां है और आपातस्थिति की घोषणा की गई है, इसलिये राज्य विधान सभा के चुनाव कराना सम्भव नहीं है।

[श्री वसन्त साठे पीठासीन हुए]

[SHRI VASANT SATHE *in the Chair.*]

अतः केरल विधान सभा की अवधि के विस्तारण को राज्य की जनता द्वारा स्वागत किया जायेगा।

केरल को देश का समस्या-प्रधान राज्य कहा जाता है जहां कई दशकों से राजनीतिक अस्थिरता व्याप्त है। गत लगभग 5 वर्षों में वर्तमान सरकार पहली बार सफलतापूर्वक शासन चला सकी है।

देश में यह पहली सरकार है जिसने कानून बनाकर सामन्तवाद को समाप्त किया है। इसी सरकार ने खेतीहर मजदूरों के लिये सार्थक न्यूनतम मजदूरी अधिनियम लागू किया है तथा निजी वनों को मुआवजा दिये बिना उनका राष्ट्रीयकरण किया है। अतः यह कहना निरर्थक है कि यह जन-विरोधी सरकार है, जैसा कि मार्क्सवादी दल कहता है।

हमारे राज्य के लोगों ने मार्क्सवादी दल की विचारधारा का कभी भी समर्थन नहीं किया। इसीलिये आपातस्थिति की उदघोषणा के बाद जब इस दल ने एक संकट पैदा करने का प्रयास किया और बन्द का आह्वान किया तो यहां भी जनता ने इसका समर्थन नहीं किया। जनसाधारण से बिल्कुल अलग हुए मार्क्सवादी दल को केरल में विघटन की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

केरल गम्भीर आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा है। यहां खाद्य समस्या निरन्तर बनी रहती है। यह कमी वाला राज्य है। केरल में केन्द्र द्वारा खाद्यान्न की सप्लाई के बिना यहां कोई सरकार लोकप्रिय नहीं हो सकती है क्योंकि यहां लोग भूखे मरने लगते हैं। मुझे खेद है कि केन्द्रीय सरकार अपने वचनों को कभी भी पूरा नहीं करती है। केन्द्र को अब भी कुछ खाद्यान्न की सप्लाई करनी चाहिये क्योंकि हमारा राष्ट्रीय पर्व 'ओनम' निकट आ गया है।

[श्री सी० के० चन्द्रप्पन]

एक प्रमुख समस्या यह है कि नारियल के मूल्य गिर गये हैं। नारियल हमारे राज्य का सबसे अधिक महत्वपूर्ण उत्पाद है। इस सम्बन्ध में केरल के सभी दल संगठित हैं कि नारियल उत्पादक को नारियल का उचित मूल्य मिलना चाहिये।

दूसरी समस्या बेरोजगारी की है। हमारे राज्य में बहुत से लोग, विशेषकर शिक्षित, बेरोजगार हैं। अन्य लोगों में भी बेरोजगारी है। इस समस्या का हल इस बात में निहित है कि सरकार केरल के परम्परागत उद्योगों--नारियल जटा, काजू और हथकरघा को किस सीमा तक स्थायित्व प्रदान करने में सफल होती है।

मैं इस विधेयक का समथन करता हूं क्योंकि इस विधेयक के बिना जो केरल विधान सभा का समय बढ़ाने के लिये लाया गया है वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू हो जायेगा, जो हम नहीं चाहते।

***श्री वयालार रवि** (चिरचिकील) : सभापति महोदय, मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं और मेरे विचार में सभी वर्गों के लोग इसका समर्थन करेंगे। केरल में 1952 के बाद से कई सरकारें बनीं और समाप्त हुईं। केरल के इतिहास में पहली बार यह सरकार पूरे पांच वर्ष चली और लोगों ने इसका समर्थन किया। वर्तमान सकार लोगों की भलाई के उद्देश्य को सामने रखकर शासन चला रही है। कई प्रगतिशील कदम उठाये गये हैं जिससे कर्मचारियों और गरीब जनता को काफी लाभ हुआ है।

मुझे इस बात का पूरा यकीन है कि केरल के लोग भी विधान सभा की कार्यावधि बढ़ाने के पक्ष में हैं। अतः मैं इस विधेयक का हार्दिक समर्थन करता हूं। देश भर में केरल ही पहला राज्य है जिसने कृषि श्रमिकों के लिये न्यूनतम मजदरी सम्बन्धी विधेयक पारित किया है। केरल के लोगों को वर्तमान संयुक्त मोर्चे की सरकार पर पूरा विश्वास है। वहां के भूमिहीन तथा आवासहीन लोगों को 86,000 घर उपलब्ध किये जा चुके हैं। केरल के लोग चाहते हैं कि वर्तमान सरकार वहां बनी रहे। केरल सरकार ने लोगों के सक्रिय सहयोग द्वारा हर पंचायत में एक अस्पताल स्थापित कर दिया है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

केरल सरकार की उपलब्धियों के बारे में मैं अनेक उदाहरण दे सकता हूं। केरल के माकसिस्ट नेताओं ने दक्षिणपंथी प्रतिक्रियावादियों तथा जनसंघ से गठजोड़ किया है। जनसंघ ने वहां साम्प्रदायिकता के बीज बोये हैं। यह बात दुख की है कि श्री नम्बुदरीपाद ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को समर्थन देने के लिये अपना हाथ बढ़ाया है। मार्क्सस्ट दल अब लोगों का शोषण करने के लिये प्रतिक्रियावादी दलों की कठपुतली बन गया है। सारांश यही है कि वहां की वर्तमान सरकार लोगों के हित में काम कर रही है। अतः इस सरकार को बने रहना चाहिये। मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री सी० एम० स्टीफन : (पुनतुपुजा) : पांच वर्ष पहले 22 अक्तुबर, 1970 को जब केरल विधान सभा बनी तो बहुत से लोगों ने यह भविष्यवाणी की थी कि कोई सरकार पाच वर्ष तक नहीं रहेगी। बहुत से लोगों ने सरकार को गिराने का प्रयत्न किया परन्तु यह पांच वर्ष तक चली और अब संसद इसका समय छः महीने और बढ़ा रही है।

वहां आज की संयुक्त मोर्चे की सरकार में भारतीय साम्यवादी दल, मुस्लिम लीग, आर० एस० पी० तथा समाजवादी दल शामिल हैं। इस सांझे मोर्चे की सरकार ने इस पांच वर्ष की अवधि में जो महत्वपूर्ण कार्य किया है, उनका अनुकरण अन्य राज्य सरकारों को भी करना चाहिये। केरल में भूमि सुधार कानून सफलतापूर्वक कार्यान्वित किये गये हैं। काश्तकारी सुधार किये गये है। यह भी निर्णय

*मलयालम में दिये गये भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का संक्षिप्त हिन्दी रूपान्तर।

***Summarised translated version based on English translation of the speech delivered in Malayalam.**

किया गया है कि भूमि काश्तकारों की ही होगी, गरीबों को रहने के लिये मकान मिलेंगे और केरल में इसके लिये 85,000 मकान बनाये गये हैं। निजी उद्योगों को कोई मुआवजा दिए बिना राष्ट्रीयकरण किया गया। केरल में कपड़ा मिलें बन्द हो गयी। उनका राष्ट्रीयकरण करके लोगों को रोजगार दिया गया। कर्मचारियों द्वारा काम बंद करने से बहुत कम हानि हुई। यह स्थायी सरकार के कारण ही सम्भव हो सका। यह विधेयक आपातकालीन स्थिति के कारण लाया गया है। इस प्रकार की सरकार को केन्द्रीय सरकार द्वारा पूरी सहायता दी जानी चाहिये।

श्री जी० विश्वनाथन (वांडीवाश) : केरल की वर्तमान सरकार ने महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। इसने अनेक प्रगतिशील कदम उठाये हैं। केरल के इतिहास में पहली बार एक सरकार ने पांच वर्ष तक निरन्तर कार्य किया है।

यदि सामान्य परिस्थितियां होती तो विधान सभा भंग हो जाती और श्री अच्युत मेनन लोगों के बीच पहुंच जाते लेकिन अपनी सेवाओं के कारण उन्हें लोगों का पूर्ण समर्थन मिला है। यह इस विधेयक के नियम को पूर्वोधारण के रूप में लिया जाये तो अन्य मुख्य मंत्री भी विधान सभा की अवधि बढ़ाने के लिये प्रधान मंत्री के पास पहुंचेंग। लेकिन केरल की विधान सभा की अवधि का बढ़ाने का काम असामान्य परिस्थितियों के कारण करना पड़ा है लेकिन इसे अन्य राज्यों की विधान सभाओं की अवधि बढ़ाने के लिये पूर्वोधारण न बना लिया जाये।

जैसा कि प्रधान मंत्री ने कहा है कि आपातकालीन स्थिति शीघ्र ही समाप्त कर दी जायेगी और अच्चुत मेनन तथा उनके सहयोगी जनता का समर्थन द्वारा प्राप्त करेंगे।

श्री हेनरी आस्टिन (एरणाकुलम) : केरल विधान सभा की अवधि को छः महीने के लिये बढ़ाने हेतु जो यह विधेयक लाया गया है, मैं उसका हार्दिक स्वागत करता हूं। संवैधानिक उपबंध के अनुसार विधान सभा की अवधि एक साल तक के लिये बढ़ायी जा सकती है लेकिन विधेयक में इसकी अवधि केवल छः महीने तक बढ़ाने की व्यवस्था है। इससे यह स्पष्ट है कि विधान सभा की अवधि का विस्तारण चुनावों से बचने के लिये नहीं अपितु देश की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये किया जा रहा है।

वर्तमान सरकार ने अद्वितीय कार्य किये हैं। इससे न केवल राजनैतिक स्थिरता आई है बल्कि इसने अपना ध्यान सामाजिक तथा आर्थिक विकास कार्यो पर भी केन्द्रित किया है।

श्री टी० ए० पाई द्वारा चलायी गयी मलंद विकास परियोजना से न केवल केरल को ही लाभ पहुंचेगा अपितु इससे इसके साथ वाले राज्य तमिलनाडु और मैसूर भी लाभान्वित होंगे। इस परियोजना के क्रियान्वयन में तीनों राज्यों को मिलजुलकर काम करना चाहिये।

अतिरिक्त मसालों के पौधों को लगाकर बन क्षेत्रों और पर्वत-क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। इससे हमें दुर्लभ विदेशी मुद्रा की आय होती है। इस पांच वर्ष की अवधि के दौरान हमने इलायची, रबर, लौंग. चाय, काफी आदि का निर्यात किया है। बागान निगम को बनाने के अतिरिक्त अन्य अनेक परियोजनाओं का लिया गया है।

इस राज्य के पश्चिमी तट पर एक नील क्रांति शुरु की गयी है। उदाहरण के लिये 1953 में राज्य ने समुद्री भोजन का निर्यात प्रारम्भ किया। लेकिन पिछले पांच वर्षो के दौरान विदेशों को भेजे जाने वाली झींगा मछली, मेंढक की टांगे तथा कई अन्य समुद्री भोजन की किस्मों से होने वाली आय 100 करोड़ रुपये तक बढ़ गई है।

[श्री हेनरी ओस्टीन]

वर्तमान सरकार ने प्रत्येक तालुक में एक कालिज स्थापित किया है। इस समय इस छोटे से राज्य में 136 कालेज हैं जो कि एक महान उपलब्धि है। प्रत्येक पंचायत में एक हाई स्कूल है। इस मंत्रीमंडल की अन्य उपलब्धि इसके शासन के अन्तर्गत बिछाया गया सड़कों का जाल है और अब दूर दराज के गांवों में भी बसों के जाने की व्यवस्था है और अब ऐसा लगता है कि सारा केरल मानों एक बड़ा शहर हो। केरल में जमींदारी प्रथा नहीं है। कृषि सुधारों के अन्तर्गत सरकार ने लाखों लोगों को भूमि का आवंटन किया है।

***श्री सी० एच० मोहम्मद कोया** (मंजेरी) : आपातकालीन स्थिति में केरल विधान सभा की अवधि बढ़ाये जाने के अतिरिक्त और कोई भी उपाय नहीं था। ऐसा किसी को नही समझना चाहिये कि कार्यविधि बढ़ाना एक अभूतपूर्व कदम है। अन्य राज्यों के मामलों में भी पहले ऐसा किया गया है। केरल राज्य की बहुमुखी समस्याओं का समाधान कुछ नौकरशाह नहीं बल्कि वहां की लोकप्रिय सरकार ही कर सकती है। केरल में खानों तथा अन्य साधनों की कमी है। यदि सरकार इदीकी, कुटियाडी, कलडा जैसी परियोजनाओं के लिये आर्थिक सहायता दे तो हम बिजली के मामले में न केवल आत्म निर्भर होंगे बल्कि तमिलनाडु, मैसूर जैसे पड़ोसी राज्यों को भी हम बिजली की सप्लायी कर सकते हैं। रबड़, काफी, चाय आदि के निर्यात द्वारा केरल देश के लिये बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का अर्जन करता है। लेकिन खेद है कि केन्द्रीय सरकार हमारी ओर विशेष ध्यान नहीं दे रही है। केरल में लोकप्रिय सरकार के बावजूद भी केन्द्रीय सरकार ने टेलीविजन सैट, प्रिंटिंग मशीने, उर्वरक तथा अन्य चीजें बनाने के लिये लाईसेंस सम्बन्धी हमारे आवेदय पत्र केन्द्रीय सरकार के पास पड़े हैं। केन्द्रीय सरकार को इन आवेदन पत्रों पर शीघ्र निर्णय ले लेना चाहिये। केन्द्रीय सरकार को केरल में बेरोजगारी दूर करने के लिये भी उचित सहायता प्रदान करनी चाहिये। परन्तु देश के अन्य भाग में क्या स्थिति है। प्रत्येक राज्य एक स्वतंत्र देश की भांति व्यवहार कर रहा है। अन्य राज्यों के लोगों के लिये उन में कोई स्थान नहीं है। प्रधान मंत्री के हाथ में सुदर्शन चक्र है। इस का प्रयोग जनता में यह जागृति पैदा करने के लिये किया जाना चाहिये कि सब इस देश के वासी है तथा देश का हर व्यक्ति जीवनोपार्जन के लिये जहां चाहे जा सकता है। केरल की लड़कियां विश्व के अनेक देशों में नर्सों के रूप में लोगों की सेवा कर रही हैं। वे देश में भी तथा विश्व में कहीं भी काम करने को तैयार है। इस लिये उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किये जाने चाहियें। केरल की समस्याओं पर पृथक रुप से विचार किया जाना चाहिये।

मार्क्सवादी दल का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। उन्होंने जनसंघ के साथ सांठगांठ की थी। तथापि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि वहां लोकतंत्री शक्तियां सशक्त हैं तथा वे उन की दाल नहीं गलने देंगी। मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

***श्री रामचन्द्रन कडनापल्ली** (कासरगोड) : मैं केरल विधान सभा का कार्यकाल छः महीने तक और बढ़ाने वाले विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं। केरल सरकार ने आपात का समर्थन किया है तथा वह प्रधान मंत्री के 21 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिये कृत संकल्प है। केरल सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में अनेक सफलतायें प्राप्त की है तथा केरल सरकार को अपने

*मलयालम में दिये गये भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का संक्षिप्त हिन्दी रूपांतर।

Summarised translated version based on English translation of the speech delivered in Malayalam.

आप में यह एक महान सफलता है कि वह पांच वर्ष तक चलती रही । केरल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि एक लोकतंत्री सरकार पांच वर्षों तक चलती रही है अन्यथा वहां तो जल्दी जल्दी सरकारों का पतन होता रहा है । केरल की जनता वर्तमान संयुक्त मोर्चा सरकार को चाहती है । अत : यदि पुन : चुनाव हों, तो वर्तमान सरकार ही सत्ता में आयेगी । केन्द्रीय सरकार ने केरल की जनता की भावना को समझ लिया है और इसी लिये वर्तमान विधान सभा की पदावधि बढ़ायी जा रही है, क्योंकि आपात के दौरान चुनाव कराना अव्यवहारिक है ।

कुछ राजनीतिक दलों ने आपात तथा तदुपरांत उठाये गये कदमों को अलोकतंत्री बताया है । परन्तु वस्तुत: उन विपक्षी दलों विशेषतया साम्यबादी दल (मार्क्सवादी) की गतिविधयां अलोकतंत्री हैं । उन्होंने केरल सरकार की नीतियों तथा कर्यक्रमों को विफल बनाने के लिये अनेक प्रयत्न किये हैं । वे राज्य में अराजकता फैलाना चाहते थे । उन्होंने खुले तौर पर राज्य सरकार के कर्मचारियों तथा कर्मकारों को आन्दोलन करने के लिये उकसाया था । केरल सरकार ने उनकी चुनौती स्वीकार की तथा जनसहयोग से उन के सब प्रयास विफल कर दिये । केरल सरकार को जनता का पूर्ण समर्थन प्राप्त है तथा उस ने शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, विधि और व्यवस्था, भमि सुधार तथा अन्य कार्यों में अनेक सफलतायें प्राप्त की हैं । यद्यपि राजनैतिक पर्यवेक्षकों ने केरल को समस्या प्रधान राज्य की संज्ञा दी है, तथापि मैं गौरव के साथ कह सकता हूं कि वर्तमान सरकार ने राजनैतिक अस्थिरता को समाप्त कर दिया है ।

अब चूंकि केरल सरकार की कार्यावधि बड़ाई जा रह है, मैं केन्द्रीय सरकार से अनुरोध करूंगा कि केरल की समस्याओं की ओर विशेष ध्यान दिया जाये । केरल के समक्ष अनेक समस्याएं है, जिनको तुरन्त हल किये जाने की आवश्यकता है । केरल के हथकर्घा उद्योग के विकास के लिये विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये । केरल में बने क्रेप कपड़े से भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है । परन्तु इस समय यह उद्योग संकट में है । शक्ति चालित कर्घा उद्योग को भारी प्रतिस्पर्धा करनी पड़ रही है । इस बारे में समुचित कार्यवाही की जानी चाहिये ।

जहां तक औद्योगिकीकरण का सम्बन्ध है, सरकार द्वारा किये गये सर्वेक्षण से पता चला है कि कालकट क्षेत्र में लौह अयस्क, नम्बरवार में बोक्साइड के भारी निक्षप मौजूद हैं । इन निक्षेपों का औद्योगिक प्रयोजनों के लिये उपयोग किया जाना चाहिये । राज्य सरकार ने नौवहन निगम स्थापित करने का निर्णय किया है । इससे राज्य को बहुत लाभ होगा । केन्द्रीय सरकार को केरल के औद्योगिक विकास के लिये समुचित सहायता देनी चाहिये ।

श्री पी० एम० सईद : (लक्कादीप, मिनिकाय तथा अमीनदीवी द्वीपसमूह) : इस समय सभा केरल विधान सभा की कार्यवधि बढ़ाने सम्बन्धी विधेयक पर चर्चा कर रही है । मेरा निर्वाचन क्षेत्र केरल के बहुत निकट है तथा केरल की राजनीतिक घटनाओं का हमारे द्वीप पर सीधा प्रभाव पड़ता है । केरल की वर्तमान सरकार ने भारत की राजनीति में एक नया उदाहरण पेश किया है । केरल की वर्तमान सरकार में पांच राजनीतक दल शामिल हैं तथा उन्होंने अपने कार्य से जनता की सराहना प्राप्त की है । इस लिये इस सरकार की अवधि को छ: महीने और बढ़ाने सम्बन्धी प्रस्ताव सराहनीय है, परन्तु इसे अन्य राज्यों के लिये पूर्वोदाहरण नहीं मानना चाहिये, क्यों कि सरकारें अच्छी भी हो सकती हैं और बुरी

[श्री पी० एम० सईद]

भी । वे सरकार इस उदाहरण का लाभ उठा कर अपनी अवधि बढ़ाने का अनुरोध कर सकती हैं । इस लिये मेरा अनुरोध यह है कि किसी को भी शक्ति का दुरुपयोग किये जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए ।

केरल को हमेशा समस्या प्रधान राज्य कहा जाता रहा है । इस की मुख्य समस्यायें चावल की कमी तथा बेरोजगारी हैं । इन समस्याओं को हल करने के लिये तुरन्त ध्यान दिया जाना चाहिये। लक्ष्यद्वीप के 50 प्रतिशत रोजगार के अवसर केरलवासियों को प्राप्त होते हैं । अत : यदि केरल में रोजगार के अवसर उपलब्ध किये गये, तो यह लक्ष्यद्वीप की भी भारी सेवा होगी ।

मैं आशा करता हूं कि इस विधेयक को सभा के सभी पक्षों का समर्थन प्राप्त होगा ।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सरोजिनी महिषी) : मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई है कि विभिन्न दलों से सम्बन्धित अनेक सदस्यों ने इस विधयक पर वाद विवाद में भाग लिया है । उन्होंने वर्तमान सरकार तथा उसकी सफलताओं की सरहना की है ।

केरल में जन संख्या बहुत अधिक है । परन्तु साथ साथ वहां साक्षरता भी बहुत अधिक है । केरल के लोग अपने आपको हर वातावरण के अनुकूल बना लेते हैं । उन्होंने राष्ट्रीय एकता में बहुत योगदान दिया है । केरल के लोग देश के विभिन्न भागों तथा देश के बाहर भी विभिन्न धन्धों में लगे हुए हैं । उनकी विशेषता यह है कि वे अपने आपको वातावरण के अनुसार ढाल लेते हैं ।

केरल राजनीतिक अस्थिरता का केन्द्र रहा है । श्री चन्द्रप्पन ने इस बात का अति सुन्दर चित्रण किया था कि वहां किस प्रकार सरकारें बदलती रही तथा राजनीतिक अस्थिरता के कारण राज्य के आर्थिक विकास में कितनी रूकावट आई । वर्तमान सरकार ने वहां राजनीतिक स्थिरता कायम की है, इस लिये वह सरहना की पात्र है ।

केरल में, जैसा कि डा० आस्टिन ने कहा था, कृषि क्रांति हुई है । समूचा केरल औद्योगिक-कृषि और आर्थिक कार्यकलापों से गूंज रहा है । वहां सामाजिक आर्थिक परिवर्तन बड़ी तेजी से हो रहे हैं । सब माननीय सदस्यों ने इस की सरहना की है, परन्तु वे चाहते हैं कि वहां अधिक से अधिक और उद्योग स्थापित किये जायें ।

वर्तमान विधेयक में केरल विधान सभा की कार्यावधि बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है । यदि वर्तमान केरल विधान मंडल की कार्यावधि न बढ़ाई जाती, तो इस का कार्यकाल 25 अक्तूबर 1975 को समाप्त हो जाता । लेकिन संविधान के अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत की गई आपात स्थिति की उद्-घोषणा के दौरान संसद कानून बना कर इस की अवधि का विस्तार कर सकता है । आपात स्थिति के दौरान समूचे प्रशासन का सुधार किया जाना है और प्रशासन व्यवस्था को आर्थिक विकास की दिशा के ओर अग्रसर करना है । अनेक आर्थिक सामाजिक कार्यकलाप आरम्भ करने हैं । ऐसी स्थिति में वहां चुनाव कराना अति कठिन है । अत : मैं सदन से प्रस्ताव करती हूं कि केरल विधान सभा की अवधि छः महीने के लिये और बढ़ाई जाये ।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि केरल राज्य की वर्तमान विधान सभा की अवधि का विस्तारण करने का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर राज्य सभा द्वारा पास किये गये रूप में, विचार किया जाये ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

सभापति महोदय: प्रश्न यह है :—

"कि खंड 2, विधेयक के अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया है ।

Clause 2 was added to the Bill.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है ।

कि खन्ड 1, अधिनियम सूत्र तथा विधेयक का पूरा नाम विधेयक के अंग बने ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

खण्ड 1, अधिनियम सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्रीमती सरोजिनी महिषी : मैं प्रस्ताव करती हूं :

"कि विधेयक पारित किया जाये ।"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

सरकारी भाषा सम्बन्धी समिति की नियुक्ति के बारे में सांविधिक संकल्प

STATUTORY RESOLUTION RE: APPOINTMENT OF A COMMITTEE ON OFFICIAL LANGUAGE

गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री ओम मेहता) : मैं निम्नलिखित संकल्प पेश करता हूं :—

"जबकि सरकारी भाषा अधिनियम, 1963 की धारा 4 की उप धारा (1) के अधीन, धारा 3 के लागू होने की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के पश्चात्, राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति से सरकारी भाषा संबंधी समिति के गठन के बारे में संसद् की किसी भी सभा में संकल्प पेश किए जाने और दोनों सभाओं द्वारा उसे पास किए जाने के बाद उक्त समिति का गठन किया जायेगा और जबकि उक्त अधिनियम की धारा 3, 26 जनवरी, 1965 से लागू हो गयी है और जबकि संकल्प पेश करने के लिए राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति प्राप्त कर ली गई है;

[श्री ग्राम मैहता]

यह सभा संकल्प करती है कि एक सरकारी भाषा सम्बन्धी समिति गठित की जायेगी।"

The official languages Bill was passed in 1963 and it was made effective from the 26th January, 1965. It has been provided in Section 4(1) of the said Act that a Parliamentary Committee, consisting of 20 Members from Lok Sabha and 10 Members from Rajya Sabha would be constituted at the expiration of a period of 10 years from the date on which the said Act came into force. The Resolution is being presented in fulfilment of the said provision of the Bill.

This resolution was brought in the last session also but the proposed Committee could not be constituted as our friends opposite put obstacles in the way of adopting this Resolution by bringing a no confidence motion. Had this Committee been constituted, some work would have been done by now. But the constitution of this Committee has been delayed by three months.

The proposed Committee will present their report to the President and the President will cause it to be laid on the Table of both the Houses of Parliament. The report of the said Committee will also be circulated among the various States. The recommendations of both the Houses of Parliament and that of the States will be submitted to the President for his consideration.

Much progress has been made during the last three years in the use of Hindi for official purposes. Hindi training has been imparted to three lakh Government servants, so that they may do their official work in Hindi.

During 1970 only six thousand letters were received in Hindi, whereas the receipt of Hindi letters has increased to 26 thousands in 1974. This shows that much progress has been made in the use of Hindi.

Recently a separate department of languages has been set up in the Government of India under the special orders of the Prime Minister. The newly set up department has been placed under the charge of a Secretary. So a separate department of languages has been established recently.

In addition to this a centralised cadre has been constituted for all the employees working against Hindi posts in various Ministries. This has been done to ensure proper co-ordination of the work done in Hindi in various departments.

In view of the fact that there was no National Library in Delhi so far, a national library named Tulsi Sadan has been set up in Delhi which houses books in Hindi and other regional languages.

There is an advisory Committee attached to each Ministry to see whether the instructions of the Home Ministry in regard to the progress of official language are being properly implemented or not. The Members of Parliament are also represented in these Committees.

In addition, there is a Central Hindi Committee working under the Chairmanship of the Prime Minister to see that the progress of Hindi is satisfactory and that necessary steps are being taken for the promotion and propagation of Hindi.

डा० रानेन सेन : माननीय मंत्री ने अपने भाषण में कहा है कि दिल्ली में एक राष्ट्रीय पुस्तकालय है जिस में न केवल हिन्दी अपितु अन्य भाषाओं की पुस्तकें भी हैं । क्या वह बतायेंगे कि अन्य भाषाओं की पुस्तकें कितनी हैं ?

श्री ओम मेंहता : वह पुस्तकालय शिक्षा मंत्रालय के अधीन है । मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि उसमें अन्य भाषाओं की पुस्तकें कितनी हैं । परन्तु यह तथ्य है कि उसमें सब भारतीय भाषाओं की पुस्तकें ह ।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :—

"जबकि सरकारी भाषा अधिनियम, 1963 की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन, धारा 3 के लागू होने की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के पश्चात्, राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति से सरकारी भाषा संबंधी समिति के गठन के बारे में संसद् की किसी भी सभा में संकल्प पेश किए जाने और दोनों सभाओं द्वारा उसे पास किए जाने के बाद उक्त समिति का गठन किया जायेगा और जबकि उक्त अधिनियम की धारा 3, 26 जनवरी, 1965 से लागू हो गयी है और जबकि संकल्प पेश करने के लिए राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति प्राप्त कर ली गई है;

यह सभा संकल्प करती है कि एक सरकारी भाषा सम्बन्धी समिति गठित की जायेगी ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

निर्वाचन के लिये प्रस्ताव

समिति के लिए निर्वाचन

ELECTION TO COMMITTEE

सरकारी भाषा सम्बन्धी समिति

श्री ओम महता : मैं प्रस्ताव करता हूं :—

"कि सरकारी भाषा अधिनियम, 1963 की धारा 4 की उपधारा (2) के अनुसरण में, लोक सभा के सदस्य अनुपाती प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिये हिन्दी के प्रयोग के सम्बन्ध में हुई प्रगति की समीक्षा करने तथा उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (3) के अनुसरण में की जाने वाली सिफारिशों के बारे में राष्ट्रपति को प्रतिवेदन देने के लिए गठित समिति के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिये अपने में से बीस सदस्य निर्वाचित करें ।"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि सरकारी भाषा अधिनियम, 1963 की धारा 4 की उपधारा (2) के अनुसरण में, लोक सभा के सदस्य अनुपाती प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय

[श्री ओम महता]

मत द्वारा संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिये हिन्दी के प्रयोग के सम्बन्ध में हुई प्रगति की समीक्षा करने तथा उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (3) के अनुसरण में की जाने वाली सिफारिशों के बारे में राष्ट्रपति को प्रतिवेदन देने के लिये गठित समिति के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिये अपने में से बीस सदस्य निर्वाचित करें ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

बैंककारी सेवा आयोग विधेयक
Banking Service Commission Bill

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : मैं प्रस्ताव करती हूं :

"कि कतिपय बैंककारी संस्थाओं में सेवाओं और पदों पर नियुक्तियों के लिए कार्मिकों के चयन के लिए आयोग की स्थापना का और उससे सम्बन्धित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

इस विधेयक का उद्देश्य सरकारी क्षेत्र के बैंकों में कर्मचारियों की नियुक्ति के लिये एक आयोग की स्थापना करने का उपबन्ध करना है । यह एक महत्वपूर्ण विधेयक है ।

प्रमुख बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद जनशक्ति का आयोजन और विकास एक महत्वपूर्ण बात हो गई है । सरकारी क्षेत्र के बैंकों का कार्य भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि इनका मुख्य दायित्व उन क्षेत्रों में बककारी सुविधायें उपलब्ध करना है, जहां अब तक यह सुविधायें नहीं थीं । योग्यता प्राप्त कर्मचारियों के सहयोग के बिना बैंकों को अपना कार्य करने में कठिनाई पेश आयेगी । प्रतिवर्ष शाखाओं के बढ़ने पर इन बैंकों में 20–25 हजार युवक और युवतियां भर्ती करनी होती हैं । इस लिये यह बहुत महत्वपूर्ण है कि उनकी भर्ती के लिये समुचित प्रक्रिया निर्धारित की जाये, ताकि बैंकों में भर्ती का आधार आवश्यक योग्यता और कुशलता हो ।

[श्री जी० विश्वनाथन पीठासीन हुए]

[SHRI G. VISWANATHAN *in the Chair.*]

इस उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों में भर्ती की प्रक्रिया का काफी समय से अध्ययन किया जा रहा था । बैंककारी आयोग ने अन्य बातों के साथ साथ भर्ती सम्बन्धी नीतियों को भी सुव्यवस्थित करने पर ध्यान दिया है । उसने यह सिफारिश की है कि बैंकों में क्लर्कों और कनिष्ठ अधिकारियों की भर्ती के लिये संघ लोक सेवा आयोग की तरह एक स्वतंत्र आयोग की स्थापना की जाये । इसीलिए यह विधेयक लाया गया है ।

विधेयक में संघ लोक सेवा आयोग के समान बैंककारी सेवा आयोग के नाम से एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और उच्च शक्ति प्राप्त आयोग की स्थापना करने का उपबन्ध किया गया है । आयोग का एक अध्यक्ष होगा तथा उस के सदस्यों की संख्या आठ से अधिक नहीं होगी । अध्यक्ष तथा सदस्यों की पदावधि एक निश्चित समय के लिये होगी तथा आयोग की सदस्यता से निवृत्त होने के बाद वे सरकार अथवा किसी बैंक अथवा किसी वित्तीय संस्थान में पद ग्रहण करने के पात्र नहीं होंगे ।

आयोग के क्षेत्राधिकार में सभी सरकारी क्षेत्र के बैंक आयेंगे, जिन में भारतीय स्टेट बैंक, उस के सात सहायक बैंक तथा 14 राष्ट्रीयकृत बैंक शामिल हैं । इन सभी बैंकों में क्लर्कों तथा निचले स्तर पर अधिकारियों की भर्ती का कार्य इस आयोग की जिम्मेदारी होगा ।

इस से इन सभी बैंकों में भरती संबंधी योग्यता एवं पात्रता में समानता लाई जायेगी। एक बाहर के स्वतंत्र आयोग द्वारा भरती किए जाने से पक्षपात तथा भाई भतीजावाद की कोई शिकायत भी नहीं होगी। भरती संबंधी योजना आयोग द्वारा इस तरह से बनाई जायेगी जिससे बैंकों में विभिन्न क्षेत्रों के लोग आ सकें । आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय होंगे और वह सुनिश्चित ढंग से भरती करेगा ।

हमने इस बात का ध्यान रखा है कि आयोग सरकार द्वारा भरती के लिए निर्धारित सिद्धान्तों और स्तर को बनाये रखे । आजकल सरकारी क्षेत्र के बैंकों में अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों के लिए 7.5 प्रतिशत स्थान सुरक्षित हैं । विधयक में विशेष व्यवस्था की गई है कि आयोग स्थानों को सुरक्षित करने की व्यवस्था करे जैसाकि सरकारी सेवा के लिए भर्ती के लिए सरकार अपनाती है ।

आयोग के व्यय को संबंधित बैंक वहन करेंगे और सरकार को कुछ व्यय नहीं करना पड़ेगा। आयोग कर्मचारियों की भरती और उन्हें विभिन्न बैंकों में नियुक्त करने के लिए स्वय प्रक्रिया निर्धारित करेगा ।

इस आयोग की स्थापना से सरकारी क्षेत्र के सभी बैंकों में भरती के सम्बन्ध में निष्पक्षता और समानता आयेगी तथा बैंकारी उद्योग के लिए सही व्यक्तियों की नियुक्ति करने में सहायता मिलेगी ।

Shri K. M. Madhukar (Kesaria): This is a long awaited Bill and it should have been brought forward long before. Favouritism and nepotism are rampant in the matter of recruitment of personnel for our nationalised banks. Reports have been received that in a certain bank, persons belonging to a particular community only are taken in the services. Therefore, in order to nationalise and regularise the system of recruitment in the nationalised banks introduction of this Bill had become necessary. This Bill is a right step in this direction.

I want that branches of the commission should be established in all States. This will facilitate recruitment of persons belonging to that particular region and well-versed with the language and problems of that region. This bill bring uniformity in the matter of recruitment of local persons belonging to that region or state.

Government should take over those foreign and Indian Banks which have not so far been nationalised. Public sector banks should also brought under the pursuance of this Bill so that corruption and malpractices rampant in these banks may be eliminated.

More opportunities should be provided for class III and class IV employees of the banks for their promotion in officers' cadre. System of temporary

[Shri K. M. Madhukar]

appointments in the banks should be abolished because it is a source of favouritism. Employees should be given representation in this commission. The bureaucrats should not be allowed to have a tight grip on the functioning of the commission; otherwise the whole objective of this commission will be defeated. The set up of this commission should be democratic.

Provision has been made in this Bill for reservation for scheduled castes and scheduled tribes in recruitment for the banks. But there is no mention of the percentage of reservation for these communities. Therefore the percentage of reservation for scheduled castes and scheduled tribes and minorities should be specifically mentioned as Government follows for recruitment to public services.

श्री वाई० एस० महाजन (बुलडाना) : मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं । बैंक सेवा का उद्योगों, वाणिज्य एवं कृषि के लिए बहुत अधिक महत्व है । वस्तुत: आधुनिक अर्थव्यवस्था की भली प्रकार से चलाना ऋणों को नियमित करने पर निर्भर करता है जिसका संबंध बैंकों से है । अत: बैंकों में कर्मचारियों की भरती करने का प्रश्न अत्यधिक महत्वपूर्ण है ।

बैंकिंग आयोग ने ऐसे आयोग की स्थापना करने की सिफारिश 1972 में अपने प्रतिवेदन में की थी । लेकिन सरकार इसे अत्यन्त महत्वपूर्ण और अत्यावश्यक विधेयक को विलम्ब से लाई है। 1971 के अन्त में भारत में वाणिज्यिक बैंकों की 12,000 शाखायें भी और उनमें 2,30,000 से भी अधिक कर्मचारी काम करते थे।

राष्ट्रीयकरण से पहले कुछ बड़े वाणीज्यिक बैंकों ने कर्मचारियों की भरती के लिए अपना प्रबन्ध कर रखा था । लेकिन यह प्रबन्ध बड़े अधिकारियों की भरती के लिए भी पर्याप्त नहीं। बैंकों में अधिकतर क्लर्क और कोषपाल ही हैं । राष्ट्रीयकरण से पहले अधिकांश भारतीय बैंकों को भरती संबंधी नीति वैज्ञानिक अथवा सुनियोजित नहीं थी । अयोग्य व्यक्तियों की भरती की जाती थी ।

अत: विधेयक का स्वागत है । इसमें भरती संबंधी नियमों को सुनियोजित और सुव्यवस्थित बनाया गया है । इसमें बैंककारी आयोग की स्थापना करने का उपबन्ध है । आयोग का कार्य केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी की गई अधिसूचनाओं के अनुसार क्लर्क और संबंधित संवर्गों जूनियर अधिकारियों और ऐसे ही अन्य अधिकारियों की भरती के लिए प्रतियोगी परीक्षा यें करना है । विधेयक में क्लर्कों की भरती के मामले पर अधिक महत्व दिया गया है क्योंकि वहां क्लर्कों की अधिक जनशक्ति हैं और ये ही अधिक संख्या में कार्य करते हैं तथा लोगों को बैंकों की सेवाएं प्रदान करते हैं । बैंकों में क्लर्कों की भरती के लिए योग्य एवं प्रतिभाशील व्यक्तियों की खोज कीं जानी चाहिए । योग्य व्यक्तियों को आकर्षित करने के लिए यह खोज अधिकारी वर्ग में भी की जानी चाहिए । बैंकों का कार्य बढ़ने पर हमें विशेषज्ञों, इंजीनियरों की आवश्यकता होगी । इनकी भरती के मामले पर भी आयोग को विचार करना चाहिए ।

विधेयक में अनुसूचित जातियों तथा अनुसुचित जनजातियों के लिए कुछ स्थान सुरक्षित रखने की व्यवस्था है । यह प्रतिशतता सामान्य सिद्धान्तों तथा बैंकों में होने वाली भरती के आधार पर निश्चित की जानी है । एक उपबन्ध के अनुसार यह आयोग परामर्शदाता का कार्य करेगा जिसके अनुसार भरती तथा पदोन्नति और वरिष्ठता संबंधी समस्याओं की हल करेगा ।

विधेयक के अन्तिम खण्ड में यह उपबन्ध किया गया है कि यदि सरकार चाहे तो इस विधेयक को अन्य बैंकों पर भी लागू किया जा सकता है । यदि बैंककारी आयोग अन्य बैंकों को भी अपने क्षेत्राधिकार में लायेगा तो इससे सभी बैंकों में भरती के सिद्धान्तों और नियमों को एक समान बनाया जा सकता है । अन्त में मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

Shri Shivnath Singh (Jhunjhunu): Sir, this is a long awaited Bill and I support it. But the malpractices rampant in recruitment procedure will not be eliminated by this measure. Moreover there is great difference in the pay structure of the banking institutions and other departments of the Government. The bank employees are getting higher pay than those working in the other departments of the Government. This anomaly should be removed, because it has created heart burning and discontentment among other classes of employees.

The Bill provides that the commission will open its regional offices. But these offices might be in one state or have jurisdiction in one or more states. Therefore, I suggest that the commission should open its offices in each state so that candidates belonging to every state can be equally benefited.

Nationalised banks should change their basic approach towards weaker sections of the society. Apart from making reservations in the appointments for scheduled castes and scheduled tribes they should extend their services not only to those who can furnish security but to those also who belong to the weaker sections of the society and to rural people and cannot afford any guarantee.

Provisions have been made in clauses 13 and 15 of the Bill that banks can make temporary appointments for one year. But this provision is likely to be misused because it will open doors for back door entry into the banks, and only those persons will be recruited who had been appointed temporarily for one year so Government should look into it and both these clauses should be removed from the Bill. The other commercial and similar institutions should also be brought under the purview of this commission in respect of recruitment of all categories.

Persons having special knowledge of finance, economics and those who have rural bias and intimate and personal knowledge of the banking requirements of rural areas should be included in the commission so that the commission can fully understand the requirements of the rural sector. This will remove bureaucratic attitude and regional imbalance.

With these words I support this Bill.

Shri Darbara Singh (Hoshiarpur): Sir, I agree that the members of this commission should be highly qualified so that they can recruit most suitable persons. There is a provision for opening regional offices in various regions of the country. But the number of these regional offices should be very large

[Shri Darbar Singh]

and their area of jurisdiction should be very small so that the people of that region can have opportunities in the matter of recruitments and as such regional imbalances will be removed.

Government should take necessary precaution to see that the right reactionary and communal elements do not enter into the services of nationalised banks and vitiate the atmosphere. In order to enable the banks to play constructive role in building our economy the entry of such elements should be banned, because they can have disastrous effect.

सभापति महोदय : अब आप अपना भाषण कल जारी करें ।

इसके पश्चात् लोक सभा बुधवार, 30 जुलाई, 1975/8 श्रावण, 1897 (शक) के ग्यारह बजे म० पू० तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, July 30, 1975/Sravana 8, 1897 (Saka).

GMGIPND—Job I.-1264 L.S.—1229—25-9-75—200

274(13)
3.10.75

[यह लोक सभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनूदित संस्करण है और इसमें अंग्रेजी/हिन्दी में दिये गये भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है।

[This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hndi/English translation of speeches etc. in English/Hindi]

1295 LS—1